

# NIOS PYQ's SOLUTIONS

## PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS



## APRIL-2025

Your Path to Success

# खंड - अ

**प्रश्न 1 - निम्नलिखित में से कौन-सा महाद्वीपीय पठार का एक उदाहरण है?**

**(A) ग्रीनलैंड पठार**

**(B) मेक्सिको का पठार**

**(C) बोलीविया का पठार**

**(D) पेटागोनिया का पठार**

**उत्तर –** (A) ग्रीनलैंड पठार

**प्रश्न 2 - चीन का ह्वांग हो मैदान किस प्रकार के मैदान का उदाहरण है?**

**(A) अपरदित**

**(B) संरचनात्मक**

**(C) निक्षेपणात्मक**

**(D) डेल्टाई**

**उत्तर –** (C) निक्षेपणात्मक

**प्रश्न 3 - मिट्टी के कटाव का निम्नलिखित में से कौन-सा सबसे प्रमुख कारण है? सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

**(A) अपवाह**

**(B) वर्षण**

**(C) संघनन**

**(D) पारगम्यता**

**उत्तर –** (B) वर्षण

**प्रश्न 4 - महाद्वीपीय उभार से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :**

**I. यह महाद्वीपीय ढाल और वितल मैदान के बीच की कड़ी है।**

**II. समुद्री भोजन पूरी तरह महाद्वीपीय तल (शेल्फ) से प्राप्त होता है।**

**III. यह महाद्वीपीय पदार्थों के अनुक्रमों से महासागरों में बना निक्षेपित स्थल रूप है।**

**IV. महाद्वीपीय उभार की ढाल प्रवणता महाद्वीपीय ढाल की तुलना में कम होती है।**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

(A) केवल I, II और III सही हैं

(B) केवल I, III और IV सही हैं

(C) केवल I, II और IV सही हैं

(D) केवल II, III और IV सही हैं

**उत्तर –** (B) केवल I, III और IV सही हैं।

**प्रश्न 5 - निम्नलिखित में से किस सागर की लवणता सामान्य से अधिक है?**

**(A) बेरिंग सागर**

**(B) बाल्टिक सागर**

**(D) जापान सागर**

**(C) लाल सागर**

**उत्तर –** (C) लाल सागर

**प्रश्न 6 - ध्रुवीय पवनों की विशेषताओं से सम्बन्धित सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**(A) उत्तरी गोलार्ध में इनकी दिशा पश्चिम से उत्तर-पूर्व की ओर होती है।**

**(B) ये उपध्रुवीय क्षेत्रों से ध्रुवों की ओर चलती हैं।**

**(C) इन्हें व्यापारिक पवनों के नाम से जाना जाता है।**

**(D) ये अत्यंत ठंडी, शुष्क तथा स्थिर पवनें होती हैं।**

**उत्तर –** (D) ये अत्यंत ठंडी, शुष्क तथा स्थिर पवनें होती हैं।

**प्रश्न 7 - कॉलम-I का मिलान कॉलम - II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए:**

| **कॉलम – I** | **कॉलम-II** |
|---|---|
| **(a) उष्णकटिबंधीय गर्म और आर्द्र** | **(i) भूमध्यसागरीय** |
| **(b) शुष्क जलवायु** | **(ii) मानसूनी** |
| **(c) गर्म समशीतोष्ण** | **(iii) टुंड्रा** |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(d) शीत हिम सहित वनीय** **(iv) स्टेपी**

**(v) टैगा**

**विकल्प :**

**(A) (a) - (ii) (b) - (iv) (c) - (i) (d) - (v)**

**(B) (a) - (ii) (b) - (iv) (c) - (v) (d) - (i)**

**(C) (a) - (iv) (b) - (ii) (c) - (iii), (d) - (v)**

**(D) (a) - (ii), (b) - (v) (c) - (i), (d) - (iii)**

**उत्तर –** (A) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(v)

**प्रश्न 8 - सिंधु नदी की सहायक नदियों के समूह से सम्बन्धित सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**(A) कोसी, ब्यास, गंडक**

**(B) झेलम, ब्यास, सतलज**

**(C) झेलम, गंडक, घाघरा**

**(D) गंडक, घाघरा, सतलज**

**उत्तर –** (B) झेलम, ब्यास, सतलज

**प्रश्न 9 - निम्नलिखित में से कौन-सा कारक भारत की जलवायु को प्रभावित नहीं करता है?**

**(A) भू-आकृति** **(B) समुद्र से दूरी**

**(C) प्लेटों का विचलन** **(D) अक्षांशीय स्थिति**

**उत्तर –** (C) प्लेटों का विचलन

**प्रश्न 10 -नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए:**

**अभिकथन (A) :** वनकर्मियों के शौर्य को श्रद्धांजलि देने के लिए भारत सरकार 11 सितम्बर को 'वन शहीद दिवस' मनाती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**कारण (R) :** पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता एक महत्त्वपूर्ण उपाय है।

**(A) दोनों (A) और (R) सही हैं। लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है**

**(B) दोनों (A) और (R) सही हैं। और (R), (A) की सही व्याख्या है**

**(C) (A) सही है और (R) गलत है**

**(D) (A) गलत है और (R) सही है।**

**उत्तर –** (B) दोनों (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

**प्रश्न 11 - निम्नलिखित में से किस नदी का जलग्रहण क्षेत्र सबसे अधिक है?**

**(A) गोदावरी**

**(B) कृष्णा**

**(C) कावेरी**

**(D) नर्मदा**

**उत्तर –** (A) गोदावरी

**प्रश्न 12 - निम्नलिखित फसलों में से खरीफ की प्रमुख फसलों से सम्बन्धित सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**(A) धान, सरसों, मटर**

**(B) सरसों, मक्का, गन्ना**

**(C) गन्ना, सरसों, कपास**

**(D) धान, मक्का, कपास**

**उत्तर –** (D) धान, मक्का, कपास

**प्रश्न 13 - निम्नलिखित में से कौन-सा लौह धात्विक खनिज है?**

**(A) ताँबा**

**(B) पाइराइट**

**(C) टिन**

**(D) जिंक**

**उत्तर –** (B) पाइराइट

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 14 - पूर्व-पश्चिम गलियारे का सबसे पूर्वी टर्मिनल स्टेशन है**

**(A) ईटानगर**

**(B) कोहिमा**

**(C) सिल्चर**

**(D) दिसपुर**

**उत्तर –** (C) सिल्चर

**प्रश्न 15 - हिन्दी भाषा का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस भाषा परिवार से है?**

**(A) ऑस्ट्रिक**

**(B) चीनी-तिब्बती**

**(C) द्रविड़**

**(D) इंडो-आर्यन**

**उत्तर –** (D) इंडो-आर्यन

**प्रश्न 16 - निम्नलिखित में से किस राज्य ने शिक्षा की गुणवत्ता प्रदान करने में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है?**

**(A) झारखंड**

**(B) पश्चिम बंगाल**


**(C) केरल**

**(D) ओडिशा**

**उत्तर -** (C) केरल

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**निर्देश :** दिए गए मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और मानचित्र पर आधारित प्रश्न संख्या 17, 18, 19 और 20 के उत्तर दीजिए।




**प्रश्न 17 - मानचित्र पर अंकित 'A' प्रमुख पर्वत की पहचान कीजिए।**

**(A) रॉकी** **(B) यूराल**

**(C) एंडीज** **(D) एटलस**

**उत्तर –** (B) यूराल

**प्रश्न 18 - मानचित्र पर अंकित 'B' गर्म जलधारा की पहचान कीजिए।**

**(A) नॉर्वे** **(B) अलास्का**

**(C) अगुल्हास** **(D) गल्फ स्ट्रीम**

**उत्तर –** (C) अगुल्हास

**प्रश्न 19 - मानचित्र पर अंकित 'C' सदाबहार वर्षावन जीवोम की पहचान कीजिए।**

**(A) नील बेसिन** **(B) कांगो बेसिन**

**(C) वोल्गा क्षेत्र** **(D) अमेज़न क्षेत्र**

**उत्तर -** (D) अमेज़न क्षेत्र

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 20 - मानचित्र पर अंकित 'D' समशीतोष्ण घास मैदान जीवोम की पहचान कीजिए।**

**(A) वेल्ड्स** **(B) पंपास**

**(C) डाउन्स** **(D) प्रेयरीज**

**उत्तर –** (A) वेल्ड्स

**प्रश्न 21 - निम्नलिखित प्रश्नों के 1 या 2 शब्दों में उत्तर दीजिए :**

**(क) समुद्रविज्ञान भूगोल की किस शाखा की उपशाखा है?**

**उत्तर –** भौतिक भूगोल

**(ख) दो प्रमुख भूगोलवेत्ताओं के नाम लिखिए, जिन्हें आधुनिक भूगोल का संस्थापक माना जाता है।**

**उत्तर –** अलेक्जेंडर वॉन हम्बोल्ट और कार्ल रिटर

**प्रश्न 22 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त शब्दों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करके दीजिए :**

**(क) अपरदन के साधनों अथवा यंत्रों का आपस में टकराकर टूटने तथा निम्न होने की क्रिया ____ कहलाती है।**

**उत्तर –** सन्निघर्षण

**(ख) बहिर्जनित भू-आकृतिक प्रक्रियाओं की तीव्रता चट्टानों के प्रकार और उनकी ____ पर निर्भर करती है।**

**उत्तर –** संरचना

**प्रश्न 23 - कॉलम का सही मिलान कॉलम - II से कीजिए :**

| कॉलम – I (पारिभाषिक शब्द) | कॉलम-II (यह कब होता है) |
|---|---|
| (a) उपभू (पेरिजी) | (i) पृथ्वी सूर्य से सबसे निकट है |
| (b) अपभू (अपोजी) | (ii) सूर्य, चन्द्रमा और पृथ्वी के बीच समान दूरी |
| (c) उपसौर | (iii) चन्द्रमा की कक्षा पृथ्वी से सबसे अधिक दूर है |
| (d) अपसौर | (iv) चन्द्रमा की कक्षा पृथ्वी से सबसे निकट है |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(v) पृथ्वी सूर्य से अधिक दूर है**

**उत्तर –** (a) उपभू (पेरिजी) - (iv) चन्द्रमा की कक्षा पृथ्वी से सबसे निकट है

(b) अपभू (अपोजी) - (iii) चन्द्रमा की कक्षा पृथ्वी से सबसे अधिक दूर है

(c) उपसौर - (i) पृथ्वी सूर्य से सबसे निकट है

(d) अपसौर - (v) पृथ्वी सूर्य से अधिक दूर है

**प्रश्न 24 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 1 या 2 शब्दों में दीजिए :**

**(क) उपोष्णकटिबंधीय उच्च दाब पेटी उत्तरी एवं दक्षिणी गोलार्थों में किन अक्षांशों के मध्य स्थित है?**

**उत्तर –** 30° से 35° अक्षांशों के मध्य

**(ख) उपध्रुवीय निम्न दाब पेटी उत्तरी एवं दक्षिणी गोलार्थों में किस अक्षांश पर स्थित है?**

**उत्तर –** 60° से 65° अक्षांशों के मध्य

**प्रश्न 25 - दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 1 या 2 शब्दों में दीजिए:**

**जलीय पारिस्थितिकी तंत्र**

महासागरीय तल के उथले महाद्वीपीय तल, सागरों के अन्य विन्यासों तथा खुले समुद्र से अधिक उत्पादक होते हैं। खुले सागर सभी जलीय पारिस्थितिकी तंत्रों में से सबसे कम उत्पादक होते हैं। यह ऐसा ही है जैसे स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र में मरुस्थल होता है। कुछ जीव केवल जल में ही रह सकते हैं परंतु कुछ अन्य जीव जल और स्थल दोनों में रह सकते हैं, जैसे मेढक, मगरमच्छ, हिप्पोपोटामस इत्यादि। इसके अतिरिक्त कुछ जीव केवल ताजे पानी अथवा खारे पानी में ही जीवित रह सकते हैं जबकि कुछ अन्य जीव ताजे पानी और खारे पानी, दोनों में ही जीवित रह सकते हैं।

**(क) कौन-से सागर कम उत्पादक होते हैं?**

**उत्तर –** खुले सागर

**(ख) किन्हीं दो जीवों के नाम लिखिए जो जल एवं स्थल दोनों में रह सकते हैं।**

**उत्तर –** मेंढक और मगरमच्छ

**प्रश्न 26 - कॉलम – I का सही मिलान कॉलम - II से कीजिए:**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

| कॉलम-I | कॉलम-II |
|---|---|
| (राज्य) | (राजधानी) |
| (a) त्रिपुरा | (i) पणजी |
| (b) सिक्किम | (ii) चंडीगढ़ |
| (c) गोवा | (iii) ईटानगर |
| (d) पंजाब | (iv) अगरतला |
| | (v) गैंगटोक |

**उत्तर –** (a) त्रिपुरा - (iv) अगरतला

(b) सिक्किम - (v) गैंगटोक

(c) गोवा - (i) पणजी

(d) पंजाब - (ii) चंडीगढ़

**प्रश्न 27 -निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त शब्दों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति करके दीजिए:**

**(क) मैंग्रोव व्यावहारिक रूप से ____ वन होते हैं जिनमें चीमड़ पत्ते होते हैं।**

**उत्तर –** तटीय/ज्वारीय वन

**(ख) 75 से०मी० से कम वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्रों की विशेषता ____ और झाड़ियों की प्राकृतिक वनस्पति होती है।**

**उत्तर –** काँटेदार वन

**प्रश्न 28 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 1 या 2 शब्दों में दीजिए :**

**(क) 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में कुल ग्रामीण जनसंख्या कितनी प्रतिशत है?**

**उत्तर –** 68.84%

**(ख) भारत के किस राज्य का लिंगानुपात सर्वाधिक है?**

**उत्तर –** केरल

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 29 - दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 1 या 2 शब्दों में दीजिए:**

**लिंगानुपात**

लिंगानुपात का अर्थ किसी क्षेत्र के प्रति हजार पुरुषों के मुकाबले स्त्रियों की संख्या है। 2011 की भारत की जनगणना के अनुसार, प्रति हजार पुरुषों के मुकाबले स्त्रियों की संख्या मात्र 943 थी। अतः भारत में लिंगानुपात अनुकूल नहीं है। इसका अर्थ है पुरुषों के मुकाबले स्त्रियों की संख्या का कम होना। जब पुरुषों के मुकाबले स्त्रियों की संख्या अधिक होती है, तो इसे अनुकूल कहा जाता है। यदि हम पिछले 100 वर्षों (1911-2011) के आँकड़ों का विश्लेषण करें, तो यह देखा गया है कि देश में लिंगानुपात निरंतर घटता रहा है सिवाय वर्ष 1951, 1981, 2001 और अब 2011 में हुई कुछ वृद्धियों के।

**(क) लिंगानुपात को परिभाषित कीजिए।**

**उत्तर –** लिंगानुपात का अर्थ किसी क्षेत्र के प्रति हजार पुरुषों के मुकाबले स्त्रियों की संख्या से है।

**(ख) 'अनुकूल लिंग अनुपात' को परिभाषित कीजिए।**

**उत्तर –** जब पुरुषों के मुकाबले स्त्रियों की संख्या अधिक होती है, तो इसे अनुकूल लिंग अनुपात कहा जाता है।

**प्रश्न 30 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 1 या 2 शब्दों में दीजिए :**

**(क) वाणिज्यवाद युग के प्रमुख विकास लक्ष्यों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर –** सोना और चाँदी का संचय

**(ख) ब्रंटलैंड आयोग के प्रमुख विकास लक्ष्य का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर –** सतत पोषणीय विकास

**प्रश्न 31 - अपक्षय की प्रक्रिया को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर –** अपक्षय वह प्राकृतिक प्रक्रिया है जिसमें चट्टानें अपने स्थान पर ही मौसम के प्रभाव जैसे तापमान, वर्षा, हवा और जल के कारण धीरे-धीरे टूटकर छोटे कणों में बदल जाती हैं। इस प्रक्रिया में चट्टानों के मलबे का परिवहन नहीं होता, वे वहीं पर टूटकर बिखर जाती हैं।

**प्रश्न 32 - भारतीय रेगिस्तान की दो प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – भारतीय रेगिस्तान की दो प्रमुख विशेषताएँ :**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**1. कम वर्षा :** भारतीय रेगिस्तान में वार्षिक वर्षा बहुत कम होती है, जो सामान्यतः 150 मिमी से भी कम रहती है। इस कारण यहाँ सूखे की स्थिति बनी रहती है।

**2. वनस्पति और मृदा :** यहाँ की जलवायु अत्यधिक शुष्क होने के कारण प्राकृतिक वनस्पति बहुत कम पाई जाती है। मुख्य रूप से कंटीली झाड़ियाँ उगती हैं और भूमि पर विस्तृत रेतीले टीले पाए जाते हैं।

**प्रश्न 33 - अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह तथा लक्षद्वीप में अंतर की दो बिन्दुओं में व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह और लक्षद्वीप में अंतर :**

1. **स्थिति :** अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह बंगाल की खाड़ी में स्थित है, जबकि लक्षद्वीप अरब सागर में स्थित है।
2. **उत्पत्ति :** अंडमान–निकोबार द्वीप ज्वालामुखीय और पर्वतीय उत्पत्ति के हैं, जबकि लक्षद्वीप द्वीपसमूह प्रवाल भित्तियों से बना है।

**प्रश्न 34 - "जल प्रकृति का सबसे अनमोल उपहार है।" किन्हीं दो तर्कों द्वारा इस कथन की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – हाँ, जल प्रकृति का सबसे अनमोल उपहार है, क्योंकि :**

**1. जीवन का आधार :** जल के बिना किसी भी जीव का अस्तित्व संभव नहीं है। मनुष्य, पशु, पौधे सभी जल पर निर्भर हैं।

**2. मानव गतिविधियों में उपयोग :** कृषि, उद्योग और घरेलू कार्यों के लिए जल अत्यंत आवश्यक है, इसलिए यह प्रकृति का सबसे अनमोल उपहार है।

**प्रश्न 35 - 'ऑपरेशन फ्लड' के महत्त्व को दो बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – 'ऑपरेशन फ्लड' का महत्त्व :**

1. **दूध उत्पादन में वृद्धि :** ऑपरेशन फ्लड के कारण भारत में दूध उत्पादन में तेजी से वृद्धि हुई और भारत विश्व के प्रमुख दुग्ध उत्पादक देशों में शामिल हुआ।

2. **किसानों की आय में सुधार :** इस कार्यक्रम से दुग्ध उत्पादकों को उचित मूल्य मिला, जिससे ग्रामीण किसानों की आय और जीवन स्तर में सुधार हुआ।

**प्रश्न 36 - दिए गए भारत के रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए :**


All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(a) हिमालय की सबसे दक्षिणी पर्वत श्रेणी**

**उत्तर –** शिवालिक श्रेणी

**(b) काराकोरम की सबसे ऊँची चोटी**

**उत्तर –** के2




**प्रश्न 37 - दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर निम्नलिखित को अंकित कीजिए औरउनके नाम लिखिए :**


**(a) कॉफी उत्पादन में अग्रणी राज्य**

**उत्तर –** कर्नाटक

**(b) बिहार स्थित एक तेलशोधन कारखाना**

**उत्तर –** बरौनी

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/




**प्रश्न 38 - जैव विविधता के संरक्षण के दो प्रमुख तरीकों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – जैव विविधता के संरक्षण के दो प्रमुख तरीके :**

1. **स्थल पर संरक्षण :** इसमें जीव-जन्तुओं और पौधों को उनके प्राकृतिक आवास में ही संरक्षित किया जाता है, जैसे राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य।
2. **स्थल से बाहर संरक्षण :** इसमें प्रजातियों को उनके प्राकृतिक आवास से बाहर सुरक्षित स्थानों पर संरक्षित किया जाता है, जैसे चिड़ियाघर, वनस्पति उद्यान और बीज बैंक।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 39 - 1992में पृथ्वी शिखर सम्मेलन के दो प्रमुख उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर – 1992 के पृथ्वी सम्मेलन के दो प्रमुख उद्देश्य :-**

1. **पर्यावरण संरक्षण :** पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक-आर्थिक विकास की तत्कालीन वैश्विक समस्याओं का समाधान करना।

2. **सतत विकास :** 'एजेंडा 21' को अपनाकर सतत विकास प्राप्त करने के लिए वैश्विक सहयोग स्थापित करना।


**प्रश्न 40 - दिए गए मानचित्र के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

**(क) उस राज्य की पहचान कीजिए जिसमें सबसे अधिक वन्यजीव अभयारण्य हैं।**

**उत्तर –** महाराष्ट्र

**(ख) उस केन्द्रशासित प्रदेश की पहचान कीजिए जिसमें सबसे अधिक वन्यजीव अभयारण्य हैं।**

**उत्तर –** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह




All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 41 - विश्व में पर्वतों के महत्त्व का तीन बिन्दुओं में वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – विश्व में पर्वतों का महत्त्व :**

1. **जल का स्रोत :** पर्वत हिमनदों के प्रमुख भंडार होते हैं। इन्हीं से बारहमासी नदियाँ निकलती हैं, जो कृषि, सिंचाई और पेयजल का मुख्य आधार हैं।
2. **जलवायु नियंत्रक :** ऊँचे पर्वत ठंडी ध्रुवीय हवाओं को रोककर मैदानी क्षेत्रों की रक्षा करते हैं तथा नमी युक्त पवनों को ऊपर उठाकर वर्षा कराने में सहायक होते हैं।
3. **संसाधन भंडार :** पर्वत क्षेत्र वनों, बहुमूल्य लकड़ियों, खनिजों और औषधीय पौधों से समृद्ध होते हैं। साथ ही ये पर्यटन के प्रमुख केंद्र भी हैं।

**प्रश्न 42 - स्थल समीर और समुद्री समीर में अंतर की तीन बिन्दुओं में व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – स्थल समीर और समुद्री समीर में अंतर :**

| आधार | स्थल समीर | समुद्री समीर |
|---|---|---|
| 1. समय | स्थल समीर रात के समय चलती है। | समुद्री समीर दिन के समय चलती है। |
| 2. दिशा | यह स्थल से समुद्र की ओर बहती है। | यह समुद्र से स्थल की ओर बहती है। |
| 3. दाब और कारण | रात में स्थल शीघ्र ठंडा होकर उच्च दाब बनाता है। | दिन में स्थल शीघ्र गर्म होकर निम्न दाब बनाता है। |

**अथवा**

**पर्वत समीर तथा घाटी समीर के बीच संबंध की तीन बिन्दुओं में व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – पर्वत समीर तथा घाटी समीर के बीच संबंध :**

1. **समय :** घाटी समीर दिन के समय चलती है, जब सूर्य के ताप से पर्वत की ढलानें गर्म हो जाती हैं। इसके विपरीत, पर्वत समीर रात के समय चलती है, जब सूर्यास्त के बाद ढलानें ठंडी हो जाती हैं।
2. **दिशा :** घाटी समीर घाटी से ऊपर की ओर पर्वत की चोटियों की दिशा में बहती है। इसके उलट, पर्वत समीर पर्वत की चोटियों से नीचे घाटी की ओर प्रवाहित होती है।
3. **प्रक्रिया :** दिन में गर्म ढलानों के कारण हल्की हवा ऊपर उठती है और घाटी समीर बनती है। रात में ढलानें जल्दी ठंडी होकर भारी हवा को नीचे घाटी की ओर भेजती हैं, जिससे पर्वत समीर चलती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 43 - "किसी क्षेत्र की जलवायु उसकी अक्षांशीय स्थिति से प्रभावित होती है।" तीन तर्क देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए।**

**उत्तर – हाँ, किसी क्षेत्र की जलवायु उसकी अक्षांशीय स्थिति से प्रभावित करती है, क्योंकि :**

1. **सूर्यताप की मात्रा :** भूमध्य रेखा (0°) पर सूर्य की किरणें लगभग सीधी पड़ती हैं, जिससे अधिक ऊष्मा प्राप्त होती है और जलवायु गर्म रहती है। जैसे-जैसे हम ध्रुवों की ओर बढ़ते हैं, किरणें तिरछी पड़ती हैं, जिससे सूर्यताप कम हो जाता है और तापमान घटता जाता है।
2. **तापमान कटिबंधों का निर्माण :** अक्षांशों के आधार पर ही पृथ्वी को उष्ण, शीतोष्ण और शीत कटिबंधों में बाँटा गया है। प्रत्येक कटिबंध की जलवायु अलग-अलग होती है, जो वहाँ मिलने वाले सूर्यताप की मात्रा पर निर्भर करती है।
3. **दिन और रात की अवधि :** उच्च अक्षांशों पर दिन और रात की अवधि में अधिक अंतर होता है। इससे सौर ऊर्जा की प्राप्ति बदलती रहती है, जिसका सीधा प्रभाव वहाँ की जलवायु और मौसम पर पड़ता है।

**प्रश्न 44 - भारत में सड़क परिवहन के महत्त्व को तीन बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – भारत में सड़क परिवहन का महत्त्व :**

1. **द्वार-तक सेवा :** सड़क परिवहन ही ऐसा साधन है जो लोगों और वस्तुओं को सीधे घर तक पहुँचाता है, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है।
2. **भौगोलिक सुगमता :** पर्वतीय और दुर्गम क्षेत्रों, जैसे हिमालय तथा पूर्वोत्तर भारत में, जहाँ रेल मार्ग बनाना कठिन होता है, वहाँ सड़कें संपर्क का मुख्य साधन होती हैं।
3. **सहायक भूमिका :** सड़क परिवहन रेलवे स्टेशन, बंदरगाह और हवाई अड्डों तक पहुँचने का माध्यम बनता है तथा अन्य परिवहन साधनों को जोड़कर परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करता है।

**अथवा**

**भारत में जल परिवहन के महत्त्व को तीन बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – भारत में जल परिवहन का महत्त्व**

1. **कम लागत वाला परिवहन साधन :** जल परिवहन सबसे सस्ता साधन है, जिससे भारी और थोक वस्तुओं का परिवहन कम खर्च में किया जाता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

2. **विदेशी व्यापार में सहायक :** भारत का अधिकांश अंतरराष्ट्रीय व्यापार समुद्री मार्गों से होता है, जिससे आयात–निर्यात को बढ़ावा मिलता है।

3. **ऊर्जा एवं पर्यावरण की दृष्टि से उपयोगी :** जल परिवहन में ईंधन की खपत कम होती है, जिससे यह पर्यावरण के अनुकूल और ऊर्जा की बचत करने वाला साधन है।

**प्रश्न 45 -"भारत में अनुसूचित जनजातियों का वितरण असमान है।" तीन तर्क देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए।**

**उत्तर – हाँ, भारत में अनुसूचित जनजातियों (STs) का वितरण वास्तव में असमान है :**

1. **मध्य भारत में भारी संकेंद्रण :** भारत की अनुसूचित जनजातियों की लगभग 85% आबादी मध्य भारत की एक विस्तृत पेटी जैसे- मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, गुजरात और महाराष्ट्र में निवास करती है।
2. **उत्तर-पूर्वी राज्यों में बहुलता :** भारत के उत्तर-पूर्वी पहाड़ी राज्यों जैसे- मिजोरम, नागालैंड, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश में जनजातीय जनसंख्या का अनुपात बहुत अधिक है, जहाँ वे बहुसंख्यक हैं।
3. **मैदानी क्षेत्रों में कमी :** इसके विपरीत पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश जैसे उपजाऊ मैदानी तथा सघन कृषि वाले राज्यों में अनुसूचित जनजातियों की संख्या बहुत कम या लगभग नगण्य है। यह स्पष्ट करता है कि उनका वितरण असमान है।

**प्रश्न 46 - किसी देश के प्राकृतिक संसाधन और उसके आर्थिक विकास के सम्बन्धों को पाँच बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – किसी देश के प्राकृतिक संसाधन और उसके आर्थिक विकास के सम्बन्ध :**

1. **औद्योगिक विकास का आधार :** प्राकृतिक संसाधन जैसे लोहा, कोयला और बॉक्साइट भारी उद्योगों के लिए आवश्यक कच्चा माल उपलब्ध कराते हैं, जिससे उद्योगों का विकास होता है।
2. **कृषि उत्पादन में वृद्धि :** उपजाऊ मिट्टी, जल संसाधन और अनुकूल जलवायु कृषि को बढ़ावा देते हैं, जिससे खाद्य सुरक्षा और आय में वृद्धि होती है।
3. **ऊर्जा उत्पादन :** कोयला, पेट्रोलियम, जल और पवन जैसे संसाधन ऊर्जा उत्पादन में सहायक होते हैं, जो आर्थिक गतिविधियों के लिए आवश्यक है।
4. **विदेशी मुद्रा और व्यापार :** जिन देशों के पास प्राकृतिक संसाधन अधिक होते हैं, वे उनका निर्यात कर विदेशी मुद्रा अर्जित करते हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार सुदृढ़ होता है।
5. **रोजगार के अवसर :** खनन, वानिकी और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में संसाधनों के उपयोग से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होते हैं, जिससे लोगों की आय में वृद्धि होती है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**अथवा**

**सहस्राब्दी विकास लक्ष्य की उपलब्धियों को पाँच बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों (MDGs) की प्रमुख उपलब्धियाँ :**

**1. गरीबी में कमी :** 1990 के बाद वैश्विक स्तर पर अत्यधिक गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आई है और चरम निर्धनता लगभग आधी रह गई है।

**2. प्राथमिक शिक्षा का विस्तार :** विकासशील देशों में प्राथमिक शिक्षा में बच्चों के नामांकन में भारी वृद्धि हुई है, जिससे साक्षरता दर में सुधार हुआ है।

**3. लैंगिक समानता में प्रगति :** प्राथमिक विद्यालयों में लड़कियों और लड़कों के नामांकन का अनुपात बेहतर हुआ है, जिससे लैंगिक असमानता में कमी आई है।

**4. स्वास्थ्य में सुधार :** 5 साल से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर तथा मातृ मृत्यु दर में वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण गिरावट दर्ज की गई है।

**5. रोग नियंत्रण और स्वच्छ जल :** एचआईवी एड्स, मलेरिया और तपेदिक जैसी बीमारियों के प्रसार पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया है तथा सुरक्षित पेयजल तक लोगों की पहुँच बढ़ी है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/



# NIOS PYQ's SOLUTIONS

## PREVIOUS YEARS' QUESTIONS & ANSWERS



## OCTOBER-2025

Your Path to Success

# खंड - अ

**प्रश्न 1. निम्नलिखित में से किसे सच्चे अर्थों में पहला आधुनिक भूगोलवेत्ता माना जाता है ?**

**(A) रैटजेल** **(B) हार्टशोर्न**

**(C) अरस्तू** **(D) थेल्स**

**उत्तर -** (A) रैटजेल

**प्रश्न 2. मानव भूगोल की निम्नलिखित शाखाओं को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।**

**I. संसाधन भूगोल** **II. कृषि भूगोल**

**III. मृदा भूगोल** **IV. मानव विज्ञान**

**विकल्प :**

**(A) केवल I, II और III सही हैं**

**(B) केवल II, III और IV सही हैं**

**(C) केवल I, II और IV सही हैं**

**(D) केवल I, III और IV सही हैं**

**उत्तर -** (C) केवल I, II और IV सही हैं

**प्रश्न 3. 'पठार' के महत्व से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए**

**(A) विश्व में खनिजों के अपार भंडार**

**(B) पृथ्वी की सतह पर लगभग 50% हिस्से पर फैले हैं**

**(C) अति उपजाऊ मृदा से निर्मित क्षेत्र**

**(D) समतल भूमि होने के कारण सड़कों, रेल्वे का सघन जाल**

**उत्तर -** (A) विश्व में खनिजों के अपार भंडार

**प्रश्न 4. कॉलम-I का मिलान कॉलम-II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए**

**कॉलम-I (पठार के प्रकार)** **कॉलम-II (उदाहरण)**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

| | |
|---|---|
| a. अंतर्पर्वतीय पठार | i. भारत का मालवा पठार |
| b. महाद्वीपीय पठार | ii. मेक्सिको का पठार |
| c. पीड़मोंट पठार | iii. ऑस्ट्रेलिया का पठार |
| | iv. जापान का फूजीयामा |

**विकल्प :**

**(A) a-iii, b-ii, c-iv**

**(B) a-iii, b-iv, c-ii**

**(C) a-ii, b-i, c-iii**

**(D) a-ii, b-iii, c-i**

**उत्तर -** (D) a-ii, b-iii, c-i

**प्रश्न 5. नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**अभिकथन (A): लाल सागर में लवणता अधिक मिलती है।**

**कारण (R) : उष्णकटिबंधीय समुद्र में वाष्पीकरण की दर अधिक होती है।**

**(A) (A) सही है लेकिन (R) गलत है**

**(B) (A) गलत है लेकिन (R) सही है**

**(C) दोनों (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।**

**(D) दोनों (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।**

**उत्तर -** (C) दोनों (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

**प्रश्न 6. सही युग्म का चयन कीजिए।**

| पवन के नाम | क्षेत्र |
|---|---|
| (A) लेवेक | सहारा रेगिस्तान |
| (B) जोंडा | रॉकी पर्वत |
| (C) चिनूक | स्पेन |

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(D) फॉन** **आल्प्स पर्वत**

उत्तर - (D) फॉन - आल्प्स पर्वत

**प्रश्न 7. वर्षण के रूपों से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**I. फुहार** **II. वाष्पीकरण**

**III. हिमपात** **IV. ओलावृष्टि**

**विकल्प :**

**(A) केवल I, II और III सही हैं**

**(B) केवल I, II और IV सही हैं**

**(C) केवल I, III और IV सही हैं**

**(D) केवल II, III और IV सही हैं**

उत्तर - (C) केवल I, III और IV सही हैं

**प्रश्न 8. निम्नलिखित में से किस राज्य से कर्क रेखा गुजरती है ?**

**(A) उत्तर प्रदेश** **(B) असम**

**(C) बिहार** **(D) राजस्थान**

उत्तर - (D) राजस्थान

**प्रश्न 9. रिक्त स्थान कि पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए।**

**मैंगलोर से कन्याकुमारी तक के तट को _______ कहते हैं।**

**(A) पुलिकट** **(B) कोरोमंडल**

**(C) कोंकण** **(D) मालाबार**

उत्तर - (D) मालाबार

**प्रश्न 10. निम्नलिखित में से कौन-सा जलग्रहण विकास कार्यक्रम का लाभ नहीं है ?**

**(A) सीमित सिंचित कृषि क्षेत्र** **(B) भू-जल का पुनर्भरण**

**(C) अपरदन नियंत्रण** **(D) बाढ़ नियंत्रण**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर -** (A) सीमित सिंचित कृषि क्षेत्र

**प्रश्न 11. निम्नलिखित में से किस मेट्रोपॉलिटन शहर की जनसंख्या सर्वाधिक है ?**

**(A) कोलकाता** **(B) मुंबई**

**(C) दिल्ली** **(D) चेन्नई**

**उत्तर -** (B) मुंबई

**प्रश्न 12. निम्नलिखित किस राज्य में शहरी जनसंख्या सर्वाधिक है ?**

**(A) गुजरात** **(B) पश्चिम बंगाल**

**(C) तमिलनाडु** **(D) महाराष्ट्र**

**उत्तर -** (D) महाराष्ट्र

**प्रश्न 13. खरीफ फसल मौसम से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए**

**(A) धान, गेहूँ, जौ, सरसों** **(B) कपास, गन्ना, गेहूँ, जौ**

**(C) धान, बाजरा, कपास, गन्ना** **(D) मक्का, सरसों, मटर, कद्दू**

**उत्तर -** (C) धान, बाजरा, कपास, गन्ना

**प्रश्न 14. भारत में उदारीकरण की शुरुआत निम्नलिखित में से किस दशक में हुई ?**

**(A) 1960** **(B) 1970**

**(C) 1990** **(D) 2000**

**उत्तर -** (C) 1990

**प्रश्न 15. मान्यता प्राप्त भाषाओं में से सबसे कम लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा कौन-सी है ?**

**(A) नेपाली** **(B) संस्कृत**

**(C) सिंधी** **(D) मणिपुरी**

**उत्तर -** (B) संस्कृत

**प्रश्न 16. निम्नलिखित में से कौन-सा कार्यक्रम स्कूलों में भोजन उपलब्ध कराने पर केंद्रित है ?**


**(A) प्रधानमंत्री युवा विकास कार्यक्रम** **(B) राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन कार्यक्रम**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**(C) राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन** **(D) प्रधानमंत्री ग्रामीण विकास मिशन**

**उत्तर –** (B) राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन कार्यक्रम

**नोट : दिए गए मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और मानचित्र आधारित प्रश्न संख्या 17, 18, 19, 20 का उत्तर लिखिए।**




**प्रश्न 17. मानचित्र पर 'A' चिह्नित प्लेट की पहचान कीजिए।**

**(A) कोकोस** **(B) नाजका**

**(C) स्कॉशिया** **(D) कैरिबियन**

**उत्तर –** (A) कोकोस

**प्रश्न 18. मानचित्र पर अंकित 'B' महासागरीय धारा की पहचान कीजिए।**

**(A) मोज़ाम्बिक** **(B) बेंगुएला**

**(C) पेरू** **(D) लैब्राडोर**

**उत्तर –** (B) बेंगुएला

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 19. मानचित्र पर अंकित 'C' टुंड्रा बायोम की पहचान कीजिए।**

**(A) अंटार्कटिक क्षेत्र** **(B) अलास्का क्षेत्र**

**(C) उत्तरी कनाडा क्षेत्र** **(D) आर्कटिक क्षेत्र**

**उत्तर –** (D) आर्कटिक क्षेत्र

**प्रश्न 20. मानचित्र में अंकित 'D' शीतोष्ण घास का मैदान बायोम की पहचान कीजिए।**

**(A) पंपास** **(B) प्रेयरीज**

**(C) डाउन्स** **(D) कैंटरबरी**

**उत्तर –** (C) डाउन्स

**प्रश्न 21. निम्नलिखित प्रश्नों का एक या दो शब्दों में उत्तर दीजिए।**

**(a) अपक्षयित पदार्थों के जमाव को कहा जाता है ________ ।**

**उत्तर –** उच्चयन

**(b) मेग्मा के ऊपर आने तथा भू-पर्पटी की सतह के ऊपर उठने से निर्मित पर्वत को कहते हैं ________ ।**

**उत्तर –** गुम्बदीय पर्वत

**प्रश्न 22. दिये गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर एक या दो शब्दों में दीजिए।**

**संघनन**

संघनन वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा पानी गैसीय अवस्था से तरल अवस्था में परिवर्तित हो जाता है और मेघों का निर्माण होता है। यह वाष्पीकरण के विपरीत है। इस अवस्था को मेघ निर्माण की अवस्था के रूप में भी जाना जाता है। तापमान के गिरने या कम होने पर ही संघनन की प्रक्रिया आरम्भ होती है। तापमान कम होने पर हवा की वाष्प धारण करने की क्षमता कम हो जाती है और वाष्प पानी की छोटी-छोटी बूंदों में संघनित होकर मेघों का निर्माण करते हैं।

**(a) संघनन की अवस्था को मेघ निर्माण के रूप में क्यों जाना जाता है ?**

**उत्तर –** क्योंकि इस प्रक्रिया में हवा की वाष्प पानी की छोटी-छोटी बूंदों में संघनित होकर मेघों का निर्माण करती है।

**(b) तापमान कम होने पर ही संघनन की प्रक्रिया क्यों प्रारंभ होती है?**

**उत्तर –** क्योंकि तापमान कम होने पर हवा की वाष्प (नमी) धारण करने की क्षमता कम हो जाती है, जिससे संघनन शुरू होता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 23. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

**(a) भूमध्यरेखीय क्षेत्रों से ध्रुवीय क्षेत्रों की ओर बहने वाली जल धाराएं _______ कहलाती हैं।**

**उत्तर –** गर्म धाराएं

**(b) जब सूर्य, पृथ्वी और चन्द्रमा 90° की स्थिति में आ जाते हैं तो _______ ज्वार आता है।**

**उत्तर –** निम्न

**प्रश्न 24. कॉलम-I का सही मिलान कॉलम-II से कीजिए।**

| कॉलम-I (पवन के प्रकार) | कॉलम-II |
|---|---|
| (a) बुरान | (i) मध्य एशिया तथा रूस |
| (b) सिरोको | (ii) रॉकी पर्वत की पूर्वी ढ़लान |
| (c) नार्दर | (iii) एड्रियाटिक तट |
| (d) बोरा | (iv) सहारा रेगिस्तान |
| | (v) टेक्सास तथा मेक्सिको की खाड़ी |

**उत्तर –** (a)-(i), (b)-(iv), (c)-(v), (d)-(iii)

**प्रश्न 25. कॉलम-I का सही मिलान कॉलम-II से कीजिए।**

| (कॉलम-I) | (कॉलम-II) |
|---|---|
| (a) उष्णकटिबंधीय घास के मैदान | (i) सदाबहार नुकीली पत्तियों वाले वृक्ष पाइन, फर, स्प्रूस |
| (b) शीतोष्ण कटिबंधीय स्टेपी | (ii) विरल वनस्पति |
| (c) उदीच्य | (iii) घास, वृक्ष और बड़ी झाड़ियों की अनुपस्थिति |
| (d) समशीतोष्णकटिबंधीय वन | (iv) ओक, बर्च जैसे चौड़े पत्ते वाले पेड़ |
| | (v) कॉटनवुड, विलो जैसे पेड़ |

**उत्तर –** (a)-(iii), (b)-(v), (c)-(i), (d)-(iv)

**प्रश्न 26. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक या दो शब्दों में दीजिये।**

**(a) कौन-सा देशांतर भारत का मानक मध्याह्न है ?**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**उत्तर –** 82°30' पूर्व

**(b) पश्चिमी घाट की सबसे ऊँची चोटी का नाम उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर –** अनाईमुडी (इसकी ऊँचाई 2695 मीटर है)

**प्रश्न 27. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।**

**(a) भारत में वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास के प्रभावी संरक्षण के उद्देश्य से लुप्त प्रजातियों को बचाने के लिए _______ जैसी विशेष योजना 1973 में शुरु की।**

**उत्तर –** प्रोजेक्ट टाइगर

**(b) संयुक्त वन प्रबंधन की दिशा में पहले कदम को _______ मॉडल कहा जाता है।**

**उत्तर –** अरबारी

**प्रश्न 28. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक या दो शब्दों में दीजिए।**

**(a) भारत के किस राज्य का लिंगानुपात सर्वाधिक है ?**

**उत्तर –** केरल

**(b) भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाओं को वर्णित किया गया है?**

**उत्तर –** 22 भाषाओं को

**प्रश्न 29. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक या दो शब्दों में दीजिए।**

**(a) 2021 के अनुसार भारत के किस राज्य का मानव विकास सूचकांक सर्वाधिक था ?**

**उत्तर –** केरल

**(b) उस राज्य का नाम लिखिए जिसकी साक्षरता दर सबसे कम है।**

**उत्तर –** बिहार

**प्रश्न 30. पैराग्राफ (सतत विकास) के आधार पर उत्तर दीजिए:**

वैश्विक सतत विकास के 169 लक्ष्यों के साथ 17 लक्ष्य भारत में राष्ट्रीय विकास एजेंडे का एक मुख्य हिस्सा है। भारत उच्च आर्थिक विकास हासिल करने, सतत विकास को सुव्यवस्थित करने और मानव कल्याण को प्राथमिकता दे रहा है। हमारा विकास गरीबी, स्वास्थ्य, पोषण, सतत विकास, लैंगिक समानता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वच्छ पानी और पर्यावरण जैसे अन्य मुद्दों पर केंद्रित है जो मानव अस्तित्व के लिए आवश्यक मुद्दे हैं। नीति (नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया) आयोग भारत सरकार का प्रमुख निकाय है जो प्रत्येक लक्ष्य से जुड़े मंत्रालय के साथ सतत विकास लक्ष्यों का समन्वय कर

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

रहा है। विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के साथ एसडीजी के लक्ष्यों की व्यापक मैपिंग विकसित की गई है ताकि यह आर्थिक, सामाजिक, और पर्यावरणीय स्तंभों को उनके अंतर संबंधों के साथ एक साथ ला सके। वैश्विक सहमति लक्ष्यों और लक्ष्यों के आधार पर, नीति आयोग ने सभी हितधारकों के साथ परामर्श करने और केंद्रीय मंत्रालयों, राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों, नागरिक संगठनों, शिक्षाविदों, व्यापार क्षेत्र और भारत के एसडीजी के सूचकांक की गणना करने के लिए प्राथमिकता संकेतकों का चयन किया है।

**(a) 'सतत विकास लक्ष्यों' के किन्हीं दो मुख्य स्तंभों के नाम बताइए।**

**उत्तर –** सामाजिक स्थिरता और पर्यावरणीय स्थिरता

**(b) भारत के राष्ट्रीय विकास एजेंडे के मुख्य भाग कितने 'सतत विकास लक्ष्य' हैं ?**

**उत्तर –** 17 लक्ष्य

**प्रश्न 31. अपरदन कार्य की प्रक्रिया के रूप में संनिघर्षण (Attrition) प्रक्रिया को दो बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – 1.** यह यांत्रिक रूप से अपरदन के साधनों जैसे चट्टान के बड़े खंड और कंकड़-पत्थर का आपस में टकराकर टूटने और घिसने की क्रिया है।

**2.** जल या पवन के साथ बहते हुए ये पदार्थ आपस में रगड़ खाते हैं, जिससे वे सूक्ष्म रेत और छोटे-छोटे कणों में टूट जाते हैं।

**प्रश्न 32. भारत के पूर्वी तटीय मैदान एवं पश्चिमी तटीय मैदान के अंतर को दो बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – 1.** पूर्वी तटीय मैदान, पश्चिमी तटीय मैदानों की अपेक्षा अधिक चौड़े होते हैं।

**2.** पूर्वी तटीय मैदानों में महानदी, गोदावरी और कृष्णा जैसी नदियाँ बड़े डेल्टा बनाती हैं, जबकि पश्चिमी तटीय मैदान में नदियाँ प्राकृतिक बंदरगाह और संकरी झीलें (लैगून) बनाती हैं।

**प्रश्न 33. आगे बढ़ते हुए एवं पीछे हटते हुए दक्षिण पश्चिम मानसून की ऋतु में अंतर को दो बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – 1. आगे बढ़ता मानसून (जून-सितंबर) :** यह समुद्र से स्थल की ओर चलता है और भारत के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश लाता है।

**2. पीछे हटता मानसून (अक्टूबर-नवंबर) :** यह स्थल से समुद्र की ओर वापस लौटता है, जिससे उत्तर भारत में मौसम साफ हो जाता है लेकिन पूर्वी तट (तमिलनाडु) पर भारी चक्रवातीय वर्षा होती है।

**प्रश्न 34. "जल पृथ्वी पर मानव एवं अन्य सभी जीवों के लिए आधारभूत संसाधन है" दो तर्क देकर इस कथन की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – हाँ, जल पृथ्वी पर मानव एवं अन्य सभी जीवों के लिए आधारभूत संसाधन है क्योंकि -**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**1. जीवों के विकास का आधार :** पृथ्वी पर सभी जीवों का विकास जल पर ही निर्भर है। जीवों में लगभग 65% तथा पौधों में 65% से 99% तक पानी होता है।

**2. जीवन एवं विकास के लिए आवश्यक :** पीने, घरेलू कार्यों, कृषि (सिंचाई) और औद्योगिक विकास के लिए जल अनिवार्य है। इसके बिना पृथ्वी पर जीवन और प्रगति की कल्पना नहीं की जा सकती।

**प्रश्न 35. ऊर्जा के परम्परागत स्त्रोत के रूप में भारत में पवन ऊर्जा के महत्व को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – 1.** पवन ऊर्जा उन क्षेत्रों के लिए एक अत्यंत उपयोगी और प्रदूषण मुक्त स्रोत है जहाँ पूरे वर्ष तेज और निरंतर हवा बहती रहती है।

**2.** इसका उपयोग कृषि में सिंचाई के लिए कुएं से पानी खींचने तथा बिजली उत्पादन के लिए सफलतापूर्वक किया जा सकता है, जो जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करता है।


**प्रश्न 36. भारत के भौतिक मानचित्र में चिह्नित कीजिए:**

**(a) हिमालय की सबसे दक्षिणी पर्वत श्रेणी।**

**उत्तर –** शिवालिक

**(b) तापी के समानांतर बहने वाली और अरब सागर में गिरने वाली प्रमुख नदी।**

**उत्तर –** नर्मदा नदी




All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/


**प्रश्न 37. भारत के राजनीतिक मानचित्र में चिह्नित कीजिए:**

**(a) ओडिशा स्थित प्रमुख बंदरगाह।**

**उत्तर –** पारादीप

**(b) पूर्व-पश्चिम गलियारे का सबसे पश्चिम का टर्मिनल स्टेशन।**

**उत्तर –** पोरबंदर




**प्रश्न 38. भारत में संयुक्त वन प्रबंधन के दो प्रमुख उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – भारत में संयुक्त वन प्रबंधन के दो प्रमुख उद्देश्य :**

**1.** वनों की उत्पादकता में वृद्धि करके आदिवासी और ग्रामीण आबादी के लिए चारे और ईंधन की लकड़ी की आवश्यकताओं को पूरा करना।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**2.** स्थानीय लोगों को सशक्त बनाना और वन प्रबंधन के लिए उन्हें जिम्मेदारी देकर उनके लिए रोजगार एवं आजीविका के अवसर बढ़ाना।

**प्रश्न 39. सतत विकास की दो प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – सतत विकास की दो दो प्रमुख विशेषताएँ :**

**1. संसाधनों का संतुलित उपयोग :** सतत विकास में प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग इस प्रकार किया जाता है कि वे भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी सुरक्षित रहें।

**2. पर्यावरण संरक्षण :** सतत विकास में विकास के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा पर भी ध्यान दिया जाता है, जिससे प्रदूषण कम हो और प्रकृति का संतुलन बना रहे।


**प्रश्न 40. मानचित्र के आधार पर उत्तर दीजिए:**

**(a) भारत के रेगिस्तानी क्षेत्र में प्रमुखता से पाए जाने वाले वनों की पहचान कीजिए।**

**उत्तर –** उष्णकटिबंधीय कांटेदार वन

**(b) कृष्णा नदी के डेल्टा क्षेत्र में पाए जाने वाले वनों की पहचान कीजिए।**

**उत्तर –** मैंग्रोव वन




All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**प्रश्न 41. वृहत् संचलन की तीन प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – वृहत् संचलन की तीन प्रमुख विशेषताएँ :**

**1. गुरुत्वाकर्षण का प्रभाव :** अपक्षय प्रक्रियाओं के कारण विघटित और खंडित चट्टानी मलबे का गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव से पहाड़ी ढलानों पर नीचे की ओर खिसकना 'बृहत् संचलन' कहलाता है।

**2. मलबे की विविधता :** इस खिसकने वाले मलबे में महीन मिट्टी से लेकर बहुत मोटे और बड़े आकार के चट्टानी पदार्थ (बोल्डर) तक सम्मिलित होते हैं।

**3. गतिवर्धक कारकों की भूमिका :** हालांकि यह संचलन मुख्य रूप से गुरुत्वाकर्षण के कारण होता है, परन्तु पानी, बर्फ और हवा जैसे कारकों की उपस्थिति इस खिसकाव (बृहत् संचलन) की गति को बहुत अधिक तेज कर देती है।

**अथवा**

**महाद्वीपीय पठार की निर्माण प्रक्रिया का तीन बिंदुओं में वर्णन कीजिए।**

**उत्तर – महाद्वीपीय पठार की निर्माण प्रक्रिया :**

**1. निर्माण का मुख्य कारण :** महाद्वीपीय पठार मुख्य रूप से पृथ्वी के बड़े भाग के ऊपर उठने (उत्थान) या फिर धरातल की दरारों से निकलने वाले बेसिक लावा के फैलाव से बनते हैं। यही इनके निर्माण का मुख्य आधार होता है।

**2. लावा का फैलाव और भूमि का ढकना :** ज्वालामुखी विस्फोट के समय निकला लावा बहुत बड़े क्षेत्र में फैल जाता है और पुरानी स्थलाकृति को पूरी तरह ढक देता है। इस प्रकार बने पठारों को संचित पठार कहा जाता है। उदाहरण के रूप में भारत का महाराष्ट्र पठार देखा जा सकता है।

**3. विशाल क्षेत्र और ऊँचाई का निर्माण :** इस पूरी प्रक्रिया के बाद ये पठार बहुत बड़े क्षेत्र में फैल जाते हैं। ये अपने आसपास के क्षेत्रों या समुद्र तल की तुलना में अचानक ऊँचे दिखाई देते हैं, जिससे इनकी अलग पहचान बनती है।

**प्रश्न 42. समुद्र तल से ऊँचाई और वायुमंडलीय दाब के संबंधों को तीन बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – समुद्र तल से ऊँचाई और वायुमंडलीय दाब का संबंध**

**1. ऊँचाई और दाब का विपरीत संबंध :** समुद्र तल से जैसे-जैसे ऊँचाई बढ़ती है, वायुमंडलीय दाब कम होता जाता है। इसलिए समुद्र तल पर वायु दाब सबसे अधिक होता है, जबकि ऊँचे पर्वतों पर यह कम पाया जाता है।

**2. वायु स्तंभ के भार का प्रभाव :** वायुमंडलीय दाब हमारे ऊपर मौजूद पूरी हवा के भार के कारण बनता है। समुद्र तल पर हवा की परत सबसे अधिक और भारी होती है, इसलिए वहाँ वायु का दबाव अधिक होता है। ऊँचाई पर जाने पर यह भार कम हो जाता है, जिससे दाब भी घट जाता है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**3. वायु के घनत्व में कमी :** निचली परतों में हवा अधिक संपीड़ित और घनी होती है, क्योंकि ऊपर की परतों का भार उस पर पड़ता है। लेकिन ऊँचाई बढ़ने पर हवा पतली और हल्की होती जाती है, जिससे वायुमंडलीय दाब कम होता जाता है।

**प्रश्न 43. जलवायु परिवर्तन किस प्रकार मानव स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, उदाहरण सहित तीन बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – जलवायु परिवर्तन के कारण मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव :**

**1. गर्मी से संबंधित बीमारियां :** तापमान बढ़ने और ऊष्मीय तरंगों की अधिक आवृत्ति के कारण ऊष्माघात (लू लगना), हृदय और गुर्दे की बीमारियों से मृत्यु दर में वृद्धि हुई है।

**2. बीमारियों का प्रसार :** वर्षा और तापमान में बदलाव ने डेंगू बुखार, लाइम रोग और वेस्ट नाइल वायरस जैसी जलजनित और वेक्टर-जनित बीमारियों के फैलाव को बढ़ा दिया है।

**3. श्वसन संबंधी समस्याएं :** सर्दियों में गर्म और स्थिर हवा के कारण जमीनी स्तर पर ओजोन या धूम्रकोहरा बनता है, जो अस्थमा के मरीजों के लिए बहुत हानिकारक है।

**प्रश्न 44. भारत में खनिजों के वितरण के तीन प्रमुख क्षेत्रों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर – भारत के प्रायद्वीपीय पठार में खनिजों के वितरण की तीन प्रमुख पट्टियाँ :**

**1. उत्तर पूर्वी पठार :** इसमें छोटानागपुर, उड़ीसा और पूर्वी आंध्र का पठार शामिल है। यह क्षेत्र लौह अयस्क, मैंगनीज, बॉक्साइट, अभ्रक और कोयले के अपार भण्डारों से समृद्ध है।

**2. दक्षिण-पश्चिमी पठार :** कर्नाटक और तमिलनाडु तक फैली यह पट्टी धात्विक खनिजों जैसे लौह अयस्क, बाक्साइट से समृद्ध है और भारत की सोने की खानें यहीं स्थित हैं।

**3. उत्तर पश्चिमी क्षेत्र :** खम्भात की खाड़ी (गुजरात) से अरावली (राजस्थान) तक फैली यह पट्टी पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस और अलौह धातुओं जैसे तांबा, चांदी, सीसा, जस्ता के लिए जानी जाती है।

**प्रश्न 45. "भारत भाषाई विविधता का देश है।" तीन तर्क देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए।**

**उत्तर – हाँ, भारत भाषाई विविधता का देश है क्योंकि -**

**1.** 1961 की जनगणना के अनुसार, भारत में 1652 भाषाओं को मातृभाषा के रूप में सूचीबद्ध किया गया था, जिनमें से 23 भाषाएँ 97% जनसंख्या द्वारा बोली जाती हैं।

**2.** भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी, बंगाली, तमिल, संथाली आदि सहित 22 प्रमुख भाषाओं को आधिकारिक मान्यता प्राप्त है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**3.** इनकी उत्पत्ति के आधार पर भारत की सभी भाषाओं को चार प्रमुख भाषायी परिवारों आस्ट्रिक, द्रविड़, चीनी-तिब्बती और इंडो-आर्यन में वर्गीकृत किया गया है, जो इसकी गहरी विविधता को दर्शाता है।

**अथवा**

**"भारतीय समाज में बहुत बड़ी संख्या में धार्मिक समुदाय हैं।" तीन तर्क देकर इस कथन की पुष्टि कीजिए।**

**उत्तर – हाँ, भारतीय समाज में बहुत बड़ी संख्या में धार्मिक समुदाय हैं।**

**1.** भारत में मुख्य रूप से सात प्रमुख धर्मों हिन्दू, इस्लाम, इसाई, जैन, बौद्ध, सिक्ख और पारसी के अनुयायी निवास करते हैं।

**2.** 2011 की जनगणना के अनुसार, देश में हिन्दू (79.8%) सबसे बड़ा धार्मिक समुदाय है, जिसके बाद इस्लाम (14.2%) दूसरा सबसे बड़ा समुदाय है।

**3.** अन्य अल्पसंख्यक धार्मिक समुदायों का भी विशिष्ट क्षेत्रीय संकेन्द्रण है, जैसे पंजाब में सिक्ख (1.7%), केरल व पूर्वोत्तर में ईसाई (2.3%), और महाराष्ट्र में बौद्ध (0.7%) तथा जैन (0.4%) धर्म के लोग बहुतायत में रहते हैं।

**प्रश्न 46. सतत विकास लक्ष्य की किन्हीं पांच विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) की पाँच प्रमुख विशेषताएँ :**

**1. सार्वभौमिक लक्ष्य :** यह 25 सितंबर 2015 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में 193 देशों के विश्व नेताओं द्वारा अपनाए गए 17 सार्वभौमिक विकास लक्ष्यों का एक विस्तृत समूह है।

**2. 2030 तक पूरा करने का लक्ष्य :** इन लक्ष्यों को "सतत विकास के लिए 2030 एजेंडा" के अंतर्गत रखा गया है। इसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक सभी लक्ष्यों को प्राप्त करना है।

**3. 5P पर आधारित व्यवस्था :** सतत विकास में साझेदारी द्वारा मुख्य रूप से 5P यानी लोग (People), ग्रह (Planet), शांति (Peace), समृद्धि (Prosperity) और साझेदारी (Partnership) पर आधारित है।

**4. गरीबी और भुखमरी को समाप्त करना :** इन लक्ष्यों का मुख्य उद्देश्य दुनिया से गरीबी और भुखमरी को समाप्त करना तथा लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना है।

**5. मानव और पर्यावरणीय संतुलन पर जोर :** SDG मानव, सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय स्थिरता पर ध्यान देता है, ताकि विकास के साथ प्रकृति का संतुलन भी बना रहे।

**अथवा**

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/

**मानव विकास किस प्रकार सतत पोषणीय विकास लक्ष्यों का मूल है ? पांच बिंदुओं में स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर – मानव विकास और सतत विकास लक्ष्य (SDG) :**

**1. SDG का केंद्र-बिंदु :** मानव विकास SDG का मूल है क्योंकि सतत विकास के अधिकांश लक्ष्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मानव कल्याण से ही संबंधित हैं।

**2. मानव पूंजी में सुधार :** मानव स्थिरता को बनाए रखने और सतत विकास को सफल बनाने के लिए मानव पूंजी में सुधार करना अत्यंत आवश्यक है।

**3. गरीबी और भुखमरी का उन्मूलन :** इसके तहत गरीबी खत्म करने और भुखमरी दूर करने के लिए निवेश करने की सख्त जरूरत होती है, जो कि मानव विकास का प्रथम चरण है।

**4. स्वास्थ्य और शिक्षा तक पहुंच :** एक स्थिर समाज के निर्माण के लिए स्वास्थ्य में सुधार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पोषण और ज्ञान तथा कौशल वृद्धि के क्षेत्र में निवेश की आवश्यकता होती है।

**5. बीमारियों का अंत और क्षमता निर्माण :** अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नवजात शिशुओं की मृत्यु रोकना, महामारियों जैसे एड्स, तपेदिक, मलेरिया आदि को समाप्त करना और क्षमता निर्माण द्वारा समाज की भलाई को बढ़ावा देना इसका मुख्य लक्ष्य है।

All Rights Reserved © Manish Verma (MVS Foundation), for more Notes visit https://www.mvsfoundation.in/



# Thank you!

We hope you found this material helpful. We wish you the very best for your examination.

Strive for Excellence – Your Path to Success